बिहार सरकार

राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।

(विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग)

चतुर्थ तल, टेक्नोलॉजी भवन, विश्वेश्वरैया भवन परिसर, बेली रोड, पटना–800015

Website: www.sbte.bihar.gov.in ; Email: sbtebihar@bihar.gov.in

ISO 9001 Certified

पत्रांक :– जे०के०(एस०बी०टी०ई०)11 / 2022–पार्ट–II–4557 / पटना, दिनांक :–01 / 08 / 2025

प्रेषक,

डॉ० चन्द्र शेखर सिंह,
सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
टेक्नोलॉजी भवन, पटना–15.

सेवा में,

प्राचार्य,
सभी राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान।

विषय :– राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अध्ययनरत / उत्तीर्ण प्रत्येक संकाय के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र / छात्राओं को **''मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार''** से पुरस्कृत करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय संकल्प संख्या–**950,** दिनांक–**06 / 03 / 2020**.

महाशय,

उपरोक्त विषयक राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अध्ययनरत / उत्तीर्ण प्रत्येक संकाय के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र / छात्राओं को **''मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार''** से पुरस्कृत करने के लिए संस्थान में पुरस्कार वितरण समारोह प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस, **15 अगस्त** के दिन आयोजित किया जाना है।

विभागीय संकल्प संख्या–**950,** दिनांक–**06 / 03 / 2020** द्वारा निर्धारित **''मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार''** नीति के आलोक में संस्थान के प्रत्येक संकाय के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र / छात्राओं की सूची राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के वेबसाईट **https://sbte.bihar.gov.in/award** पर उपलब्ध है।

अनुरोध है कि संबंधित प्राचार्य अपने स्तर से सूची का मिलान T.R. एवं अन्य अभिलेख से करते हुए विभागीय संकल्प संख्या–**950,** दिनांक–**06 / 03 / 2020** का अनुपालन सुनिश्चित करेंगें। साथ ही निर्धारित तिथि **15 अगस्त 2025** को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करेगें एवं आयोजित समारोह का फोटो विभाग के **Whatsapp Group** पर प्रेषित करने की कृपा करेंगें।

विश्वासभाजन,

30/7/25

सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– / पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :–
1. सचिव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
2. अपर सचिव–सह–निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
3. राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ।

30/7/25

सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।